

Chapter

20

# त्रिविमीय निर्देशांक ज्यामिति

## निर्देशांक पद्धति

### (Co-ordinates of a point in space)

(1) **कार्तीय निर्देशांक :** माना $O$ एक स्थिर बिन्दु है, जिसे मूलबिन्दु कहते हैं तथा माना $OX$, $OY$ एवं $OZ$ तीन परस्पर लम्बवत् रेखायें, जो कि क्रमशः $x$-अक्ष, $y$-अक्ष तथा $z$-अक्ष कहलाती हैं, इस प्रकार हैं, कि ये दाँया पक्ष–पद्धति बनाती हैं।




तल $XOY$, $YOZ$ एवं $ZOX$ को क्रमशः $xy$-तल, $yz$-तल और $zx$-तल कहते हैं तथा $OA = x, OB = y, OC = z$ .

तीन निर्देशांक तल ($XOY$, $YOZ$ तथा $ZOX$) त्रिविम को आठ भागों में विभाजित करते हैं एवं ये भाग अष्टांशक (octants) कहलाते हैं।

**बिन्दु के निर्देशांक का चिन्ह :** त्रिविम में किसी बिन्दु के निर्देशांकों के चिन्ह इस परिपाटी का अनुसरण करते हैं, कि $OX$, $OY$, $OZ$ के अनुदिश अथवा समान्तर मापी गई दूरियाँ धनात्मक होंगी तथा $OX'$, $OY'$, $OZ'$ के अनुदिश अथवा समान्तर तय की गई दूरियाँ ऋणात्मक होंगी।

(2) **बेलनाकार निर्देशांक :** यदि $P$ के समकोणिक कार्तीय निर्देशांक ($x$, $y$, $z$) हैं, तो $N$ के निर्देशांक ($x$, $y$, 0) होंगे एवं निम्न सम्बंध स्थापित होंगे : $x = u\cos\phi$, $y = u\sin\phi$ तथा $z = z$.




अतः $u^2 = x^2 + y^2$ एवं $\phi = \tan^{-1}(y/x)$ .

$P$ का बेलनाकार निर्देशांक $\equiv (u, \phi, z)$.

(3) **गोलाकार ध्रुवीय निर्देशांक :** राशियों $r$, $\theta$, $\phi$ के माप बिन्दु $P$ के गोलाकार या त्रिविम ध्रुवीय निर्देशांक कहलाते हैं। यदि $P$ के समकोणिक कार्तीय निर्देशांक ($x$, $y$, $z$) हों, तो $z = r\cos\theta$, $u = r\sin\theta$

$\therefore$ $x = u\cos\phi = r\sin\theta\cos\phi$, $y = u\sin\phi = r\sin\theta\sin\phi$

तथा $z = r\cos\theta$

$$r^2 = x^2 + y^2 + z^2 \text{ एवं } \tan\theta = \frac{u}{z} = \frac{\sqrt{x^2+y^2}}{z}\ ;\ \tan\phi = \frac{y}{x} .$$

## दूरी का सूत्र (Distance formula)

(1) **दूरी-सूत्र :** दो बिन्दुओं $A(x_1, y_1, z_1)$ एवं $B(x_2, y_2, z_2)$ के बीच की दूरी $AB = \sqrt{[(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2 + (z_2 - z_1)^2]}$

(2) **मूलबिन्दु से दूरी :** माना $O$ मूलबिन्दु एवं $P(x, y, z)$ कोई बिन्दु है, तो $OP = \sqrt{(x^2 + y^2 + z^2)}$ .

(3) **निर्देशांक-अक्षों से बिन्दु की दूरी :** माना त्रिविम में कोई बिन्दु $P(x, y, z)$ है। माना अक्षों $OX$, $OY$ और $OZ$ पर बिन्दु $P$ से डाले गये लम्बों की लम्बाईयाँ क्रमशः $PA$, $PB$ एवं $PC$ हैं,

तो $PA = \sqrt{(y^2 + z^2)}$

$PB = \sqrt{(z^2 + x^2)}$

$PC = \sqrt{(x^2 + y^2)}$




## विभाजन सूत्र (Section formula)

(1) **अन्तः विभाजन तथा बाह्य विभाजन के लिए विभाजन सूत्र :** माना $P(x_1, y_1, z_1)$ एवं $Q(x_2, y_2, z_2)$ दो बिन्दु हैं। माना $P$ और $Q$ को मिलाने वाली रेखा पर बिन्दु $R$ इस प्रकार है, कि यह $P$ और $Q$ को मिलाने वाली रेखा को अनुपात $m_1 : m_2$ में अन्तः विभाजित या बाह्यतः विभाजित करता है, तो $R$ के निर्देशांक हैं,

$$\left(\frac{m_1x_2 \pm m_2x_1}{m_1 \pm m_2}, \frac{m_1y_2 \pm m_2y_1}{m_1 \pm m_2}, \frac{m_1z_2 \pm m_2z_1}{m_1 \pm m_2}\right).$$

धनात्मक चिन्ह अन्तः विभाजन के लिए तथा ऋणात्मक चिन्ह बाह्यः विभाजन के लिये प्रयुक्त होता है।

(2)**व्यापक बिन्दु के निर्देशांकः** बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ एवं $Q(x_2, y_2, z_2)$ को मिलाने वाली रेखा पर स्थित कोई बिन्दु, जो रेखा को अनुपात $k : 1$ में विभाजित करता है, के निर्देशांक $\left(\frac{kx_2 + x_1}{k+1}, \frac{ky_2 + y_1}{k+1}, \frac{kz_2 + z_1}{k+1}\right)$ होंगे। यह रेखा $PQ$ पर व्यापक बिन्दु कहलाता है।

## त्रिभुज तथा चतुष्फलक (Triangle and tetrahedron)

(1) **केन्द्रक के निर्देशांक**

(i) यदि $(x_1, y_1, z_1), (x_2, y_2, z_2)$ एवं $(x_3, y_3, z_3)$ किसी त्रिभुज के शीर्ष हों, तो इसके केन्द्रक के निर्देशांक

$$\left(\frac{x_1 + x_2 + x_3}{3}, \frac{y_1 + y_2 + y_3}{3}, \frac{z_1 + z_2 + z_3}{3}\right) \text{ होंगे।}$$

(ii) यदि $(x_r, y_r, z_r)$ ; $r = 1, 2, 3, 4$ किसी चतुष्फलक के शीर्ष हों, तो इसके केन्द्रक के निर्देशांक

$$\left(\frac{x_1 + x_2 + x_3 + x_4}{4}, \frac{y_1 + y_2 + y_3 + y_4}{4}, \frac{z_1 + z_2 + z_3 + z_4}{4}\right) \text{ होंगे।}$$

(2) **त्रिभुज का क्षेत्रफल :** माना $A(x_1, y_1, z_1)$, $B(x_2, y_2, z_2)$ एवं $C(x_3, y_3, z_3)$ किसी त्रिभुज के शीर्ष हों, तो

$$\Delta_x = \frac{1}{2}\begin{vmatrix} y_1 & z_1 & 1 \\ y_2 & z_2 & 1 \\ y_3 & z_3 & 1 \end{vmatrix}, \quad \Delta_y = \frac{1}{2}\begin{vmatrix} x_1 & z_1 & 1 \\ x_2 & z_2 & 1 \\ x_3 & z_3 & 1 \end{vmatrix},$$

$$\Delta_z = \frac{1}{2}\begin{vmatrix} x_1 & y_1 & 1 \\ x_2 & y_2 & 1 \\ x_3 & y_3 & 1 \end{vmatrix}$$

अब, $\Delta ABC$ का क्षेत्रफल $\Delta = \sqrt{\Delta_x^2 + \Delta_y^2 + \Delta_z^2}$ .

(3) **समरैखिकता का प्रतिबन्ध :** बिन्दु $A(x_1, y_1, z_1), B(x_2, y_2, z_2)$ तथा $C(x_3, y_3, z_3)$ समरेखीय होंगे,

यदि $\frac{x_1 - x_2}{x_2 - x_3} = \frac{y_1 - y_2}{y_2 - y_3} = \frac{z_1 - z_2}{z_2 - z_3}$.

(4) **चतुष्फलक का आयतन :** शीर्षों $(x_r, y_r, z_r)$ ; $r = 1, 2, 3, 4$ वाले

चतुष्फलक का आयतन $V = \frac{1}{6}\begin{vmatrix} x_1 & y_1 & z_1 & 1 \\ x_2 & y_2 & z_2 & 1 \\ x_3 & y_3 & z_3 & 1 \\ x_4 & y_4 & z_4 & 1 \end{vmatrix}$.

## दिक् कोज्याएँ एवं दिक् अनुपात
### (Direction cosines and direction ratios)

(1) **दिक् कोज्याएँ :** यदि एक निर्देशित रेखा $x, y, z$ अक्षों की धनात्मक दिशा से क्रमशः $\alpha, \beta, \gamma$ कोण बनाती है, तब $\cos\alpha, \cos\beta, \cos\gamma$ उस रेखा की दिक् कोज्याएँ कहलाती हैं, जिन्हें हम प्रायः $l, m, n$ से व्यक्त करते हैं।

इस प्रकार $l = \cos\alpha, m = \cos\beta$ तथा $n = \cos\gamma$ , $l^2 + m^2 + n^2 = 1$ .

परिभाषा से, $x$ अक्ष की दि्क कोज्याएँ $\cos 0^o$ , $\cos 90^o$ , $\cos 90^o$ अर्थात् (1, 0, 0) हैं। इसी प्रकार $y$-अक्ष एवं $z$-अक्ष की दिक् कोज्याएँ क्रमशः (0, 1, 0) एवं (0, 0, 1) हैं।

(2) **दिक् अनुपात :** किसी रेखा की दिक् कोज्याओं के समानुपाती तीन संख्याएँ उस रेखा के दिक् अनुपात कहलाते हैं। यदि किसी रेखा की दिक् कोज्याओं $l, m, n$ के समानुपाती तीन संख्याएँ $a, b, c$ हों, तो $a, b, c$ उस रेखा के दिक् अनुपात कहलाते हैं।

अतः परिभाषा से,

$$l = \pm\frac{a}{\sqrt{a^2 + b^2 + c^2}}, m = \pm\frac{b}{\sqrt{a^2 + b^2 + c^2}}, n = \pm\frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2 + c^2}}$$

जहाँ सभी चिन्ह् या तो धनात्मक हैं या सभी ऋणात्मक हैं।

दिक् अनुपात अद्वितीय नहीं होते, जबकि दिक् कोज्यायें अद्वितीय होती हैं, अर्थात् $a^2 + b^2 + c^2 \neq 1$ .

(3) **दो बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा की दिक् कोज्याएँ एवं दिक् अनुपातः** बिन्दुओं $P(x_1, y_1, z_1)$ एवं $Q(x_2, y_2, z_2)$ को मिलाने वाली रेखा $PQ$ के दिक् अनुपात हैं, $x_2 - x_1 = a$ , $y_2 - y_1 = b$ तथा $z_2 - z_1 = c$ , (माना) तब दिक् कोज्याएँ,

$$l = \frac{(x_2 - x_1)}{\sqrt{\Sigma(x_2 - x_1)^2}}, m = \frac{(y_2 - y_1)}{\sqrt{\Sigma(x_2 - x_1)^2}}, n = \frac{(z_2 - z_1)}{\sqrt{\Sigma(x_2 - x_1)^2}}$$

अर्थात् $l = \frac{x_2 - x_1}{PQ}, m = \frac{y_2 - y_1}{PQ}, n = \frac{z_2 - z_1}{PQ}$ .

## प्रक्षेप (Projection)

**दो बिन्दुओं $P(x_1, y_1, z_1)$ एवं $Q(x_2, y_2, z_2)$ को मिलाने वाली रेखा का अन्य रेखा, जिसकी दिक् कोज्याएँ $l, m, n$ हैं, पर प्रक्षेप :** माना $PQ$ एक रेखाखण्ड है, जहाँ $P \equiv (x_1, y_1, z_1)$ एवं $Q = (x_2, y_2, z_2)$ एवं दी हुई रेखा $AB$ है, जिसकी दिक् कोज्याएँ $l, m, n$ हैं। यदि रेखाखण्ड $PQ$, रेखा $AB$ के साथ $\theta$ कोण बनाता है, तो







$PQ$ का $P'Q'$ पर प्रक्षेप $= PQ\cos\theta$

$$= (x_2 - x_1)\cos\alpha + (y_2 - y_1)\cos\beta + (z_2 - z_1)\cos\gamma$$

$$= (x_2 - x_1)\, l + (y_2 - y_1)m + (z_2 - z_1)n$$

$x$-अक्ष के लिए, $l = 1, m = 0, n = 0$

अतः $x$-अक्ष पर $PQ$ का प्रक्षेप $= x_2 - x_1$, $y$-अक्ष पर $PQ$ का प्रक्षेप $= y_2 - y_1$ तथा $z$-अक्ष पर $PQ$ का प्रक्षेप $= z_2 - z_1$.

## दो रेखाओं के बीच कोण (Angle between two lines)

माना दो सरल रेखाओं $AB$ तथा $AC$, जिनकी दिक् कोज्याएँ क्रमशः $l_1, m_1, n_1$ एवं $l_2, m_2, n_2$ हैं, के बीच कोण $\theta$ है, तो $\cos\theta = l_1 l_2 + m_1 m_2 + n_1 n_2$ .

यदि दो रेखाओं के दिक् अनुपात $a_1, b_1, c_1$ एवं $a_2, b_2, c_2$ हों तथा रेखाओं के बीच कोण $\theta$ हो, तब $\cos\theta = \frac{a_1 a_2 + b_1 b_2 + c_1 c_2}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2 + c_1^2}.\sqrt{a_2^2 + b_2^2 + c_2^2}}$

**विशेष परिणाम :**

$$\sin^2\theta = 1 - \cos^2\theta = (l_1^2 + m_1^2 + n_1^2)(l_2^2 + m_2^2 + n_2^2) - (l_1 l_2 + m_1 m_2 + n_1 n_2)^2$$

$$= (l_1 m_2 - l_2 m_1)^2 + (m_1 n_2 - m_2 n_1)^2 + (n_1 l_2 - n_2 l_1)^2$$

$\Rightarrow \sin\theta = \pm\sqrt{\Sigma(l_1 m_2 - l_2 m_1)^2}$ , जो कि लैंगरेंज सर्वसमिका है।

$\sin\theta$ का मान निम्न रूप में आसानी से ज्ञात किया जा सकता है।

$$\sin\theta = \sqrt{\begin{vmatrix} l_1 & m_1 \\ l_2 & m_2 \end{vmatrix}^2 + \begin{vmatrix} m_1 & n_1 \\ m_2 & n_2 \end{vmatrix}^2 + \begin{vmatrix} n_1 & l_1 \\ n_2 & l_2 \end{vmatrix}^2}$$

जब दी गई दो रेखाओं के दिक् अनुपात $a_1, b_1, c_1$ एवं $a_2, b_2, c_2$ हों एवं उनके बीच कोण $\theta$ हो, तो $\sin\theta = \dfrac{\sqrt{\sum(a_1b_2 - a_2b_1)^2}}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2 + c_1^2}\sqrt{a_2^2 + b_2^2 + c_2^2}}$

**लम्बवत् होने का प्रतिबंध :** यदि दी हुई रेखाएँ लम्बवत् हों, तो $\theta = 90°$, अर्थात् $\cos\theta = 0$

$\Rightarrow l_1l_2 + m_1m_2 + n_1n_2 = 0$ या $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$ .

**समान्तर होने का प्रतिबंध :** यदि दी हुई रेखाएँ समान्तर हों, तो $\theta = 0^o$, अर्थात् $\sin\theta = 0$

$\Rightarrow \dfrac{l_1}{l_2} = \dfrac{m_1}{m_2} = \dfrac{n_1}{n_2}$. इसी प्रकार, $\dfrac{a_1}{a_2} = \dfrac{b_1}{b_2} = \dfrac{c_1}{c_2}$.

# सरल रेखा

## त्रिविम में सरल रेखा (Straight line in space)

प्रथम घात का प्रत्येक समीकरण एक समतल को व्यक्त करता है। प्रथम घात के दो समीकरण, इनके द्वारा व्यक्त किये गये समतलों की प्रतिच्छेद रेखा पर स्थित प्रत्येक बिन्दु के निर्देशांकों द्वारा संतुष्ट होते हैं, इसलिए, ये दो समीकरण एक साथ इस रेखा को व्यक्त करते हैं। अतः समीकरण $ax + by + cz + d = 0$ एवं $a'x + b'y + c'z + d' = 0$ एक साथ एक सरल रेखा को निरूपित करते हैं।

(1) **एक दिये हुए बिन्दु से गुजरने वाली रेखा का समीकरण :** एक स्थिर बिन्दु $(x_1, y_1, z_1)$ से गुजरने वाली सरल रेखा, जिसके दिक् अनुपात $a, b, c$ हैं, का कार्तीय समीकरण $\dfrac{x - x_1}{a} = \dfrac{y - y_1}{b} = \dfrac{z - z_1}{c}$ होगा।

(2) **दिये हुए दो बिन्दुओं से गुजरने वाली सरल रेखा का समीकरणः** यदि दिये हुए दो बिन्दु $A(x_1, y_1, z_1), B(x_2, y_2, z_2)$ हैं, तो रेखा $AB$ का समीकरण $\dfrac{x - x_1}{x_2 - x_1} = \dfrac{y - y_1}{y_2 - y_1} = \dfrac{z - z_1}{z_2 - z_1}$ होगा।

## असममित रूप से सममित रूप में परिवर्तन
## (Changing unsymmetrical form to symmetrical form)

रेखा के असममित रूप $ax + by + cz + d = 0,\ a'x + b'y + c'z + d' = 0$ को सममित रूप में निम्न प्रकार से लिख सकते हैं :

$$\frac{x - \dfrac{bd' - b'd}{ab' - a'b}}{bc' - b'c} = \frac{y - \dfrac{da' - d'a}{ab' - a'b}}{ca' - c'a} = \frac{z}{ab' - a'b}.$$

## दो रेखाओं का प्रतिच्छेदन (Intersection of two lines)

सर्वप्रथम हम देखते हैं, कि दो रेखाएँ प्रतिच्छेद करेंगी या नहीं। यदि रेखाएँ प्रतिच्छेद करती हैं, तो उनका प्रतिच्छेदन बिन्दु ज्ञात करने के लिए निम्न क्रिया–विधि का उपयोग करते हैं।

**क्रिया विधि :** माना दो रेखाएँ हैं,

$$\frac{x - x_1}{a_1} = \frac{y - y_1}{b_1} = \frac{z - z_1}{c_1} \quad ......(i)$$

एवं $$\frac{x - x_2}{a_2} = \frac{y - y_2}{b_2} = \frac{z - z_2}{c_2} \quad ......(ii)$$

**स्थिति I :** समीकरण (i) व (ii) पर स्थित व्यापक बिन्दु के निर्देशांक क्रमशः निम्न प्रकार दिये जाते हैं, $\dfrac{x - x_1}{a_1} = \dfrac{y - y_1}{b_1} = \dfrac{z - z_1}{c_1} = \lambda$

तथा $\dfrac{x - x_2}{a_2} = \dfrac{y - y_2}{b_2} = \dfrac{z - z_2}{c_2} = \mu$

अर्थात् $(a_1\lambda + x_1, b_1\lambda + y_1, c_1\lambda + z_1)$

तथा $(a_2\mu + x_2, b_2\mu + y_2, c_2\mu + z_2)$.

**स्थिति II :** यदि रेखाएँ (i) व (ii) प्रतिच्छेद करती हैं, तब उनका एक उभयनिष्ठ बिन्दु $a_1\lambda + x_1 = a_2\mu + x_2, b_1\lambda + y_1 = b_2\mu + y_2$ तथा $c_1\lambda + z_1 = c_2\mu + z_2$ होगा।

**स्थिति III :** Step II से $\lambda$ एवं $\mu$ में प्राप्त समीकरणों में से किसी दो को हल करने पर $\lambda$ तथा $\mu$ के मान ज्ञात करते हैं। यदि $\lambda$ एवं $\mu$ के ये मान तीसरे संबंध को सन्तुष्ट करते हैं, तब रेखाएँ (i) व (ii) एक दूसरे को प्रतिच्छेद करेंगी, अन्यथा नहीं।

**स्थिति IV :** प्रतिच्छेद बिन्दु ज्ञात करने के लिए $\lambda$ (या $\mu$) का मान Step I से प्राप्त व्यापक बिन्दु के निर्देशांक में रखते हैं।

## बिन्दु से रेखा पर डाले गये लम्ब का पाद
## (Foot of perpendicular from a point to the line)

**बिन्दु $A(\alpha, \beta, \gamma)$ से रेखा $\dfrac{x - x_1}{l} = \dfrac{y - y_1}{m} = \dfrac{z - z_1}{n}$ पर डाले गये लम्ब का पाद :**




यदि $P$ लम्ब-पाद हो, तो $P(lr + x_1, mr + y_1, nr + z_1)$ होगा। $AP$ के दिक् अनुपात ज्ञात करते हैं एवं दी हुई रेखा एवं $AP$ के लम्बवत् होने का प्रतिबंध लगाते हैं, जिससे $r$ का मान प्राप्त होता है और इस प्रकार बिन्दु $P$ प्राप्त होता है, जो लम्ब-पाद है।

**लम्ब की लम्बाई एवं लम्ब का समीकरण :** लम्ब की लम्बाई $AP$ है एवं बिन्दुओं $A$ तथा $P$ को मिलाने वाली रेखा इसका समीकरण है। किसी रेखा से दिये हुये बिन्दु की लम्बवत् दूरी ही लम्ब की लम्बाई होती है।

**सरल रेखा में बिन्दु का प्रतिबिम्ब :** यदि दी हुई रेखा पर बिन्दु $P$ से लम्ब $PL$ को $Q$ तक इस प्रकार बढ़ाया जाये कि $PL = QL$ हो, तो दी हुई रेखा में $P$ का प्रतिबिम्ब $Q$ होगा। $L$ लम्बपाद है या रेखा पर $P$ का प्रक्षेप है।




## दो सरल रेखाओं के बीच की न्यूनतम दूरी
## (Shortest distance between two straight lines)

(1) **विषम रेखाएँ** (Skew lines) **:** दो सरल रेखाएँ जो न समान्तर हैं, और न ही प्रतिच्छेद करती हैं, विषम रेखाएँ कहलाती हैं।

अतः विषम रेखाएँ वे रेखायें हैं, जो एक ही समतल में स्थित नहीं हैं।




(2) **न्यूनतम दूरी की रेखा :** यदि $l_1$ एवं $l_2$ दो विषम रेखाएँ हों, तो वह रेखा, जो इन दोनों अप्रतिच्छेदित रेखाओं के लम्बवत् है, न्यूनतम दूरी की रेखा कहलाती है।

रेखाओं $l_1$ व $l_2$ के लम्बवत् केवल एक ही रेखा होती है।

(3) **दो विषम रेखाओं की न्यूनतम दूरी :** माना दो विषम रेखाएँ $\dfrac{x - x_1}{l_1} = \dfrac{y - y_1}{m_1} = \dfrac{z - z_1}{n_1}$ एवं $\dfrac{x - x_2}{l_2} = \dfrac{y - y_2}{m_2} = \dfrac{z - z_2}{n_2}$ हैं।

अतः इन रेखाओं के बीच न्यूनतम दूरी

$$d=\frac{\begin{vmatrix} x_2-x_1 & y_2-y_1 & z_2-z_1 \\ l_1 & m_1 & n_1 \\ l_2 & m_2 & n_2 \end{vmatrix}}{\sqrt{(m_1n_2-m_2n_1)^2+(n_1l_2-l_1n_2)^2+(l_1m_2-m_1l_2)^2}}$$ है।

## समतल

### समतल की परिभाषा एवं इसके समीकरण
**(Definition of plane and its equations)**

यदि बिन्दु $P(x, y, z)$ किसी विशेष प्रतिबन्ध के अन्तर्गत गति करता है, तो यह त्रिविमीय क्षेत्र में किसी सतह पर या किसी रेखा पर स्थित होगा अथवा यह केवल एक बिन्दु मात्र होगा। प्रतिबन्ध आरोपित करने के पश्चात् $P$ के क्षेत्र के रूप में जो कुछ भी हमें प्राप्त होता है, उसे $P$ का बिन्दुपथ कहते हैं। अब हम समतल या वक्र-पृष्ठ की चर्चा करते हैं। यदि बिन्दुपथ पर $Q$ कोई अन्य बिन्दु है, तथा सरल रेखा $PQ$ के सभी बिन्दु, बिन्दुपथ पर स्थित हैं, तो यह एक समतल होगा। दूसरे शब्दों में, सरल रेखा $PQ$, जितनी भी छोटी व जिस दिशा में भी हो, पूर्णतः यदि बिन्दुपथ पर स्थित हो, तब बिन्दुपथ एक समतल होगा, अन्यथा कोई वक्र-पृष्ठ।

(1) **समतल का व्यापक समीकरण :** $Ax+By+Cz+D=0$ रूप का प्रत्येक एक घातीय समीकरण किसी समतल को व्यक्त करता है। $x, y, z$ के गुणांक, अर्थात् $A, B, C$ समतल के अभिलंब के दिक् अनुपात हैं।

(2) **निर्देशांक-समतलों के समीकरण**

समतल $XOY: z=0$

समतल $YOZ: x=0$

समतल $ZOX: y=0$

(3) **विभिन्न रूपों में समतल का समीकरण**

(i) **अन्तःखण्ड रूप :** यदि समतल निर्देशांक अक्षों पर $a, b, c$ लम्बाई का अन्तःखण्ड काटता है, तो इसका समीकरण $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}+\frac{z}{c}=1$ है।

(ii) **अभिलम्ब रूप :** समतल के समीकरण का अभिलम्ब रूप $lx+my+nz=p$ हैं,

जहाँ $l, m, n$ समतल के अभिलंब की दिक् कोज्याएँ हैं एवं $p$ मूल बिन्दु से डाले गये लम्ब की लम्बाई है।

(4) **विशेष स्थिति में समतल का समीकरण :** मूलबिन्दु से गुजरने वाले समतल का समीकरण $Ax+By+Cz=0$ है अर्थात् यदि $D=0$ तो समतल मूल बिन्दु से गुजरता है।

(5) **निर्देशांक-अक्षों के लम्बवत् या निर्देशांक-समतलों के समान्तर समतल का समीकरण**

(i) $YOZ$-समतल के समान्तर (या $x$-अक्ष के लम्बवत्) तथा '$a$' दूरी पर समतल का समीकरण $x=a$ होगा।

(ii) $ZOX$-समतल के समान्तर (या $y$-अक्ष के लम्बवत्) तथा '$b$' दूरी पर समतल का समीकरण $y=b$ होगा।

(iii) $XOY$-समतल के समान्तर (या $z$-अक्ष के लम्बवत्) तथा '$c$' दूरी पर समतल का समीकरण $z=c$ होगा।

(6) **निर्देशांक-अक्षों के समान्तर या निर्देशांक समतल के लम्बवत् समतल का समीकरण**

(i) $x$-अक्ष के समान्तर या $YOZ$-समतल के लम्बवत् समतल का समीकरण $By+Cz+D=0$ होगा।

(ii) $y$-अक्ष के समान्तर या $ZOX$-समतल के लम्बवत् समतल का समीकरण $Ax+Cz+D=0$ होगा।

(iii) $z$-अक्ष के समान्तर या $XOY$-समतल के लम्बवत् समतल का समीकरण $Ax+By+D=0$ होगा।

(7) **दिये हुए समतल के समान्तर समतल का समीकरण :** दिये हुए समतल $ax+by+cz+d=0$ के समान्तर समतल $ax+by+cz+d'=0$ है, अर्थात् केवल स्थिरांक पद को परिवर्तित करते हैं।

(8) **दो समतलों के प्रतिच्छेदन से जाने वाले समतल का समीकरणः** दो समतलों $P=a_1x+b_1y+c_1z+d_1=0$ एवं $Q=a_2x+b_2y+c_2z+d_2=0$ के प्रतिच्छेदन से जाने वाले समतल का समीकरण $P+\lambda Q=0$ होगा, जहाँ $\lambda$ प्राचल है।

### दिये हुए बिन्दु से गुजरने वाले समतल का समीकरण
**(Equation of plane passing through the given point)**

(1) **एक दिये हुए बिन्दु से गुजरने वाले समतल का समीकरण :** बिन्दु $(x_1, y_1, z_1)$ से गुजरने वाले समतल का समीकरण $A(x-x_1)+B(y-y_1)+C(z-z_1)=0$ होता है, जहाँ $A, B, C$ समतल के अभिलंब के दिक् अनुपात हैं।

(2) **तीन बिन्दुओं से गुजरने वाले समतल का समीकरण :** तीन असमरेखीय बिन्दुओं $(x_1, y_1, z_1), (x_2, y_2, z_2)$ एवं $(x_3, y_3, z_3)$ से गुजरने वाले समतल का समीकरण है, $\begin{vmatrix} x & y & z & 1 \\ x_1 & y_1 & z_1 & 1 \\ x_2 & y_2 & z_2 & 1 \\ x_3 & y_3 & z_3 & 1 \end{vmatrix}=0$ या $\begin{vmatrix} x-x_1 & y-y_1 & z-z_1 \\ x_2-x_1 & y_2-y_1 & z_2-z_1 \\ x_3-x_1 & y_3-y_1 & z_3-z_1 \end{vmatrix}=0$

### बिन्दु $A(\alpha, \beta, \gamma)$ से दिये हुए समतल $ax+by+cz+d=0$ पर डाले गये लम्ब का पाद (Foot of perpendicular from a point $A(\alpha, \beta, \gamma)$ to a given plane $ax+by+cz+d=0$)

यदि दिये हुए समतल पर $A$ से खींचा गया एक लम्ब $AP$ है, तो यह अभिलम्ब के समान्तर होगा। अतः इसका समीकरण होगा

$$\frac{x-\alpha}{a}=\frac{y-\beta}{b}=\frac{z-\gamma}{c}=r, \quad \text{(माना)}$$

इस पर कोई बिन्दु $P(ar+\alpha, br+\beta, cr+\gamma)$ है, जो कि दिये हुए समतल पर स्थित है, जिससे $r$ का मान प्राप्त होता है, अतः बिन्दु $P$ प्राप्त होता है।

(1) **लम्बवत् दूरीः** बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ से समतल $ax+by+cz+d=0$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई $\left|\frac{ax_1+by_1+cz_1+d}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}}\right|$ होती है।

दो समान्तर समतलों $Ax+By+Cz+D_1=0$ एवं $Ax+By+Cz+D_2=0$ के बीच की दूरी $\frac{D_2 \sim D_1}{\sqrt{A^2+B^2+C^2}}$ होती है।

(2) **समतल के सापेक्ष दो बिन्दुओं की स्थितिः** दो बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ तथा $Q(x_2, y_2, z_2)$, समतल $ax+by+cz+d=0$ के एक ही तरफ या विपरीत ओर होते हैं, यदि $ax_1+by_1+cz_1+d$ तथा $ax_2+by_2+cz_2+d$ क्रमशः समान या विपरीत चिन्ह के हैं। बिन्दु $P$ तथा $Q$ को जोड़ने वाली रेखा को समतल बाह्यतः या अन्तः विभाजित करता है, यदि $P$ तथा $Q$ क्रमशः समतल के एक ओर हैं, या विपरीत ओर हैं।

### दो समतलों के बीच कोण (Angle between two planes)

**कार्तीय रूप :** समतलों के बीच कोण, किसी बिन्दु से समतलों पर खींचे गये अभिलंबों के मध्य कोण के बराबर होता है। समतलों

$a_1x+b_1y+c_1z+d_1=0$ तथा $a_2x+b_2y+c_2z+d_2=0$ के मध्य कोण

$\theta = \cos^{-1}\left(\dfrac{a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2}{\sqrt{(a_1^2+b_1^2+c_1^2)(a_2^2+b_2^2+c_2^2)}}\right)$ है।

(i) यदि $a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2=0$, तो समतल एक-दूसरे के लम्बवत् होंगे।

(ii) यदि $\dfrac{a_1}{a_2}=\dfrac{b_1}{b_2}=\dfrac{c_1}{c_2}$, तो समतल एक-दूसरे के समान्तर होंगे।

## दिये गये दो समतलों के बीच कोणार्धक समतलों के समीकरण (Equation of planes bisecting angle between two given planes)

समतलों $a_1x+b_1y+c_1z+d_1=0$

एवं $a_2x+b_2y+c_2z+d_2=0$

के बीच कोणार्धक समतलों के समीकरण हैं,

$$\frac{a_1x+b_1y+c_1z+d_1}{\sqrt{(a_1^2+b_1^2+c_1^2)}}=\pm\frac{a_2x+b_2y+c_2z+d_2}{\sqrt{(a_2^2+b_2^2+c_2^2)}}.$$

(i) यदि कोणार्धक समतल एवं दिये गये समतलों में से एक के बीच कोण 45° से कम हो, तो यह कोणार्धक, न्यून कोणार्धक कहलाता है, अन्यथा यह अधिक कोणार्धक होगा।

(ii) यदि $a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2$ ऋणात्मक हो, तब मूलबिन्दु न्यूनकोण में स्थित होगा तथा यदि $a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2$ धनात्मक हो, तब मूलबिन्दु अधिककोण में स्थित होगा, जबकि $d_1$ तथा $d_2$ समान चिन्ह रखते हों।

## समतल में किसी बिन्दु का प्रतिबिम्ब (Image of a point in a plane)

माना $P$ और $Q$ दो बिन्दु हैं एवं $\pi$ एक समतल इस प्रकार है, कि

(i) रेखा $PQ$, समतल $\pi$ के लम्बवत् है।

(ii) $PQ$ का मध्य बिन्दु समतल $\pi$ पर स्थित है।

तब दोनों बिन्दु समतल $\pi$ में एक-दूसरे के प्रतिबिम्ब होंगे।

**प्रतिबिम्ब ज्ञात करने की क्रिया-विधिः**

(i) $P$ से गुजरने वाली तथा दिये हुये समतल पर अभिलम्ब रेखा का समीकरण निम्न रूप में लिखते हैं $\dfrac{x-x_1}{a}=\dfrac{y-y_1}{b}=\dfrac{z-z_1}{c}=r$

(ii) प्रतिबिम्ब $Q$ के निर्देशांक $(x_1+ar, y_1+br, z_1+cr)$ के रूप में लिखते हैं।

(iii) $PQ$ के मध्य बिन्दु $R$ के निर्देशांक ज्ञात करते हैं ।

(iv) मध्य बिन्दु $R$ के निर्देशांक को समतल के समीकरण में रखकर $r$ का मान ज्ञात करते हैं।

(v) $r$ का मान $Q$ के निर्देशांक में रखते हैं।




## समतलीय रेखाएँ (Coplanar lines)

रेखाएँ समतलीय कहलायेंगी, यदि वे एक ही समतल में स्थित हों या एक तल इन रेखाओं से गुजरता हो।

**रेखाओं के समतलीय होने का प्रतिबंध** : यदि रेखाएँ $\dfrac{x-x_1}{l_1}=\dfrac{y-y_1}{m_1}=\dfrac{z-z_1}{n_1}$ तथा $\dfrac{x-x_2}{l_2}=\dfrac{y-y_2}{m_2}=\dfrac{z-z_2}{n_2}$ समतलीय हों, तो $\begin{vmatrix} x_2-x_1 & y_2-y_1 & z_2-z_1 \\ l_1 & m_1 & n_1 \\ l_2 & m_2 & n_2 \end{vmatrix}=0$ तथा समतल का समीकरण

$\begin{vmatrix} x-x_1 & y-y_1 & z-z_1 \\ l_1 & m_1 & n_1 \\ l_2 & m_2 & n_2 \end{vmatrix}=0$ या $\begin{vmatrix} x-x_2 & y-y_2 & z-z_2 \\ l_1 & m_1 & n_1 \\ l_2 & m_2 & n_2 \end{vmatrix}=0$ होगा।

# रेखा एवं समतल

## एक दी हुई रेखा से गुजरने वाला समतल (Equation of plane through a given line)

(1) यदि सममित रूप में रेखा का समीकरण

$\dfrac{x-x_1}{l}=\dfrac{y-y_1}{m}=\dfrac{z-z_1}{n}$ हो, तो

समतल का समीकरण है, $a(x-x_1)+b(y-y_1)+c(z-z_1)=0$ ... (i)

जहाँ $al+bm+cn=0$ .....(ii)

(2) यदि व्यापक रूप में रेखा का समीकरण

$a_1x+b_1y+c_1z+d_1=0=a_2x+b_2y+c_2z+d_2$ हो, तो इन रेखाओं से गुजरने वाले समतल का समीकरण $(a_1x+b_1y+c_1z+d_1)+\lambda(a_2x+b_2y+c_2z+d_2)=0$ होगा।

(3) **एक दी गई रेखा से गुजरने वाले तथा दूसरी रेखा के समान्तर किसी समतल का समीकरण :** माना दूसरी रेखा की दिक् कोज्याएँ $l_2, m_2, n_2$ हैं, तो चूँकि समतल दी हुई रेखा के समान्तर है, अतः समतल पर अभिलम्ब, इस रेखा के लम्बवत् होगा।

$\therefore \quad al_2+bm_2+cn_2=0$ .....(iii)

अतः (i), (ii) व (iii) से, समतल का समीकरण होगा,

$$\begin{vmatrix} x-x_1 & y-y_1 & z-z_1 \\ l_1 & m_1 & n_1 \\ l_2 & m_2 & n_2 \end{vmatrix}=0.$$

## किसी रेखा और समतल का प्रतिच्छेदन बिन्दु (Intersection point of a line and a plane)

**एक रेखा और समतल के प्रतिच्छेद बिन्दु को ज्ञात करने के लिए निम्न क्रिया–विधि का उपयोग करते हैं**

**Step I :** प्राचल $r$ के पदों में रेखा पर स्थित किसी बिन्दु के निर्देशांक लिखते हैं।

**Step II :** इस बिन्दु के निर्देशांक को समतल के समीकरण में प्रतिस्थापित करने पर $r$ का मान प्राप्त होता है।

**Step III :** Step I से प्राप्त बिन्दु के निर्देशांक में $r$ का मान रखते हैं।

## रेखा और समतल के बीच कोण (Angle between line and plane)

रेखा $\frac{x-\alpha}{l}=\frac{y-\beta}{m}=\frac{z-\gamma}{n}$ एवं समतल $ax+by+cz+d=0$ के बीच कोण $\theta$ हो, तो $\sin\theta=\frac{al+bm+cn}{\sqrt{(a^2+b^2+c^2)}\sqrt{(l^2+m^2+n^2)}}$.

(i) रेखा, समतल के लम्बवत् होगी, यदि $\frac{a}{l}=\frac{b}{m}=\frac{c}{n}$.

(ii) रेखा, समतल के समान्तर होगी, यदि $al+bm+cn=0$.

(iii) रेखा, समतल में स्थित होगी, यदि $al+bm+cn=0$ एवं $a\alpha+b\beta+c\gamma+d=0$.

## एक समतल पर किसी रेखा का प्रक्षेप
**(Projection of a line on a plane)**

यदि $P$ दी हुई रेखा तथा समतल का प्रतिच्छेद बिन्दु हो तथा रेखा पर स्थित किसी बिन्दु से समतल पर डाले गये लम्ब का पाद $Q$ हो, तो $PQ$ दिये हुए समतल पर दी गई रेखा का प्रक्षेप कहलाता है।

**समतल के परितः रेखा का प्रतिबिम्बः** माना रेखा $\frac{x-x_1}{a_1}=\frac{y-y_1}{b_1}=\frac{z-z_1}{c_1}$ है तथा समतल $a_2x+b_2y+c_2z+d=0$ है।

रेखा और समतल का प्रतिच्छेद बिन्दु (माना $P$) ज्ञात करते हैं। बिन्दु $(x_1, y_1, z_1)$ का प्रतिबिम्ब (माना $Q$) समतल के परितः ज्ञात करते हैं। रेखा $PQ$ परावर्तित रेखा होती है।

## गोला

गोला उस बिन्दु का बिन्दुपथ है, जो त्रिविम में इस प्रकार गतिशील है, कि यह एक स्थिर बिन्दु से सर्वथा अचर दूरी पर रहता है।

स्थिर बिन्दु को गोले का केन्द्र तथा अचर दूरी को त्रिज्या कहते हैं।




## गोले का व्यापक समीकरण (General equation of sphere)

गोले का व्यापक समीकरण है,

$x^2+y^2+z^2+2ux+2vy+2wz+d=0$, जिसका केन्द्र $(-u,-v,-w)$ है।

अर्थात्, $\left(\frac{-x \text{ का गुणांक}}{2}, \frac{-y \text{ का गुणांक}}{2}, \frac{-z \text{ का गुणांक}}{2}\right)$

एवं त्रिज्या $=\sqrt{u^2+v^2+w^2-d}$.

## विभिन्न रूपों में गोले का समीकरण
**(Equation of sphere in various forms)**

(1) **दिये हुए केन्द्र तथा त्रिज्या के साथ गोले का समीकरण :** गोले का समीकरण, जिसका केन्द्र $(a, b, c)$ है तथा त्रिज्या $R$ है, होगा $(x-a)^2+(y-b)^2+(z-c)^2=R^2$ ......(i)

यदि केन्द्र मूलबिन्दु हो, तो गोले का समीकरण $x^2+y^2+z^2=R^2$ होगा, जो कि गोले के समीकरण का मानक रूप कहलाता है।

(2) **गोले के समीकरण का व्यास-रूप :** यदि $(x_1, y_1, z_1)$ एवं $(x_2, y_2, z_2)$ गोले के व्यास के सिरों के निर्देशांक हों, तो इसका समीकरण $(x-x_1)(x-x_2)+(y-y_1)(y-y_2)+(z-z_1)(z-z_2)=0$ होगा।

## एक समतल द्वारा गोले का विभाजन
**(Section of a sphere by a plane)**

माना कि किसी गोले को एक समतल द्वारा काटा जाता है। गोले एवं समतल दोनों के उभयनिष्ठ बिन्दुओं के समुच्चय को गोले का समतलीय खण्ड कहते हैं। गोले का समतल खण्ड हमेशा एक वृत्त होता है। गोले तथा समतल के समीकरण को एक साथ लेने पर समतल खण्ड प्रदर्शित होता है।

माना $C$ गोले का केन्द्र है एवं समतल पर $C$ से डाले गये लम्ब का पाद $M$ है, तो $M$ वृत्त का केन्द्र होगा एवं वृत्त की त्रिज्या $PM=\sqrt{CP^2-CM^2}$ होगी।




रेखा $CM$, जो $C$ से गुजरती है एवं समतल के लम्बवत् है, तथा समतल का प्रतिच्छेद बिन्दु ही वृत्त का केन्द्र $M$ है।

**वृत्त का केन्द्र :** गोले के केन्द्र से समतल पर डाले गये लम्ब का लम्बपाद वृत्त का केन्द्र होता है।

(वृत्त की त्रिज्या)$^2$ = (गोले की त्रिज्या)$^2$ – (वृत्त से समतल पर डाला गया लम्ब)$^2$

**वृहद् वृत्त** (Great circle) **:** गोले के केन्द्र से जाने वाले समतल द्वारा गोले का विभाजन खण्ड वृहद् वृत्त होता है। इसके केन्द्र तथा त्रिज्या दिये हुये गोले के केन्द्र तथा त्रिज्या के समान होते हैं।

## गोले से किसी समतल के स्पर्शी होने का प्रतिबंध
**(Condition of tangency of a plane to a sphere)**

एक समतल दिये हुए गोले को स्पर्श करेगा, यदि गोले के केन्द्र से समतल पर डाले गये लम्ब की लम्बाई, गोले की त्रिज्या के बराबर हो।

समतल $lx+my+nz=p$, गोला

$x^2+y^2+z^2+2ux+2vy+2wz+d=0$ को स्पर्श करेगा, यदि

$(ul+vm+wn-p)^2=(l^2+m^2+n^2)(u^2+v^2+w^2-d)$.

## सरल रेखा एवं गोले का प्रतिच्छेदन
**(Intersection of straight line and a sphere)**

माना गोले तथा सरल रेखा के समीकरण क्रमशः हैं,

$x^2+y^2+z^2+2ux+2vy+2wz+d=0$ .....(i)

तथा $\frac{x-\alpha}{l}=\frac{y-\beta}{m}=\frac{z-\gamma}{n}=r$, (माना) .....(ii)

रेखा (ii) पर कोई बिन्दु $(\alpha+lr, \beta+mr, \gamma+nr)$ है।

यदि यह बिन्दु गोले (i) पर स्थित हो, तो

$(\alpha+lr)^2+(\beta+mr)^2+(\gamma+nr)^2+2u(\alpha+lr)$
$+2v(\beta+mr)+2w(\gamma+nr)+d=0$

या $r^2[l^2+m^2+n^2]+2r[l(u+\alpha)+m(v+\beta)+n(w+\gamma)]$
$+(\alpha^2+\beta^2+\gamma^2+2u\alpha+2v\beta+2w\gamma+d)=0$ ....(iii)

यह $r$ में एक द्विघात समीकरण है, जिससे $r$ के दो मान प्राप्त होंगे। इसलिए रेखा (ii), गोला (i) से दो बिन्दुओं पर मिलती है, जो कि समीकरण (iii) के मूल के अनुसार वास्तविक, संपाती तथा अधिकल्पित हो सकते हैं।

यदि $l, m, n$ रेखा की वास्तविक दिक् कोज्याएँ हैं, तो $l^2+m^2+n^2=1$ तथा तब समीकरण (iii) को हल कर सकते हैं।

## दो गोलों का प्रतिच्छेद कोण

**(Angle of intersection of two spheres)**

दो गोलों का प्रतिच्छेदी कोण उनके प्रतिच्छेदन बिन्दु पर स्पर्शी तलों के बीच के कोण के बराबर होता है। चूँकि उभयनिष्ठ बिन्दु पर गोलों की त्रिज्याएँ स्पर्शी समतलों पर अभिलम्ब होती हैं, इसलिए यह कोण उनके प्रतिच्छेद बिन्दु पर गोलों की त्रिज्याओं के बीच कोण के बराबर होता है।

यदि दो गोलों का प्रतिच्छेदी कोण समकोण हो, तो गोले लाम्बिक कहलाते हैं।

**दो गोलों के लाम्बिक होने का प्रतिबंध :**

माना दो गोलों के समीकरण हैं,

$$x^2+y^2+z^2+2ux+2vy+2wz+d=0 \quad ....(i)$$

एवं $x^2+y^2+z^2+2u'x+2v'y+2w'z+d'=0 \quad .....(ii)$

यदि गोले (i) तथा (ii) लाम्बिक रूप से काटते हैं, तो $2uu'+2vv'+2ww'=d+d'$, जो कि अभीष्ट प्रतिबंध है।

- यदि गोले $x^2+y^2+z^2=a^2$ तथा $x^2+y^2+z^2+2ux+2vy+2wz+d=0$ लाम्बिक काटें, तो $d=a^2$.
- यदि $r_1$ तथा $r_2$ त्रिज्या के दो गोले लाम्बिक काटें, तो उभयनिष्ठ वृत्त की त्रिज्या $\frac{r_1r_2}{\sqrt{r_1^2+r_2^2}}$ होती है।

## Tips & Tricks

- निर्देशांक–अक्षों के साथ समान कोण पर झुकी रेखाओं की संख्या 4 होती है।
- यदि रेखा की दिक् कोज्याएँ $l, m, n$ हों, तो $lmn$ का अधिकतम मान $\frac{1}{3\sqrt{3}}$ होगा।
- $xy$-तल पर किसी बिन्दु के निर्देशांक $(x, y, 0)$, $yz$-तल पर $(0, y, z)$ तथा $zx$-तल पर $(x, 0, z)$ होते हैं।
- $x$-अक्ष पर किसी बिन्दु के निर्देशांक $(x, 0, 0)$, $y$-अक्ष पर $(0, y, 0)$ एवं $z$-अक्ष पर $(0, 0, z)$ होते हैं।
- यदि कोई बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ है, तो एक रेखा जिसकी दिक् कोज्याएँ $l, m, n$ हैं, पर $OP$ का प्रक्षेप $l_1x_1 + m_1y_1 + n_1z_1$ होगा, जहाँ $O$ मूलबिन्दु है।
- यदि दो संगामी रेखाओं की दिक् कोज्याएँ $l_1, m_1, n_1$ एवं $l_2, m_2, n_2$ हों, तो रेखाओं के बीच कोण को समद्विभाजित करने वाली रेखाओं की दिक् कोज्याएँ $l_1 \pm l_2, m_1 \pm m_2, n_1 \pm n_2$. के समानुपाती होंगी ।
- किसी घन के दो विकर्णों के बीच कोण $\cos^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)$ होता है।
- किसी घन के फलकों के विकर्ण एवं घन के विकर्ण के बीच का कोण $\cos^{-1}\left(\sqrt{\frac{2}{3}}\right)$ होता है।
- यदि किसी समकोणिक घनाभ की कोरें $a, b, c$ हों, तो दो विकर्णों के बीच का कोण $\cos^{-1}\left[\frac{\pm a^2 \pm b^2 \pm c^2}{a^2+b^2+c^2}\right]$ होगा।
- चूँकि $x, y$ तथा $z$-अक्ष मूल बिन्दु से गुजरते हैं, तथा इनकी दिक् कोज्याएँ क्रमशः 1, 0, 0; 0, 1, 0 एवं 0, 0, 1 होती हैं, इसलिए $x$-अक्ष का समीकरण :

$$\frac{x-0}{1}=\frac{y-0}{0}=\frac{z-0}{0} \text{ या } y=0 \text{ तथा } z=0.$$

$y$-अक्ष का समीकरण: $\frac{x-0}{0}=\frac{y-0}{1}=\frac{z-0}{0}$ या $x=0$ तथा $z=0$;

$z$-अक्ष का समीकरण: $\frac{x-0}{0}=\frac{y-0}{0}=\frac{z-0}{1}$ या $x=0$ तथा $y=0$.

- विषम रेखाएँ असमतलीय रेखाएँ होती हैं।
- समान्तर रेखाएँ विषम रेखाएँ नहीं होती हैं।
- यदि दो रेखाएँ प्रतिच्छेद करें, तो उनके बीच न्यूनतम दूरी शून्य होती है।
- दो विषम रेखाओं की न्यूनतम दूरी दोनों रेखाओं के लम्बवत् होती है।
- **समतल द्वारा विभाजन :** एक समतल $ax+by+cz+d=0$, बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ व $Q(x_2, y_2, z_2)$ को जोड़ने वाले रेखाखण्ड $PQ$ को $-\left(\frac{ax_1+by_1+cz_1+d}{ax_2+by_2+cz_2+d}\right)$ के अनुपात में विभाजित करता है।
- यदि $ax+by+cz+d=0$ एक समतल है, तब बिन्दु $(x_1,y_1,z_1)$ तथा $(x_2,y_2,z_2)$, $\frac{ax_1+by_1+cz_1+d}{ax_2+by_2+cz_2+d}>0$ या $<0$ के अनुसार क्रमशः एक ही ओर या विपरीत ओर होंगे।
- **निर्देशांक समतलों द्वारा विभाजन :** निर्देशांक समतल, बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ व $Q(x_2, y_2, z_2)$ को जोड़ने वाले रेखाखण्ड $PQ$ को निम्न अनुपात में विभाजित करते हैं :

(i) $yz$-समतल : $-\frac{x_1}{x_2}$

(ii) $zx$-समतल : $-\frac{y_1}{y_2}$

(iii) $xy$-समतल : $-\frac{z_1}{z_2}$

- जब दो गोले एक दूसरे को स्पर्श करते हैं, तो उनका उभयनिष्ठ स्पर्श समतल $S_1-S_2=0$ होगा तथा जब वे एक वृत्त में काटते हैं, तो वृत्त का समतल $S_1-S_2=0$ होगा। दोनों स्थितियों में $x^2,y^2,z^2$ के गुणांक को इकाई रखते हैं।
- माना गोला $x^2+y^2+z^2=r^2$ के केन्द्र से समतल $Ax+By+Cz+D=0$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई $p$ हो, तो

(i) समतल गोले को एक वृत्त में काटेगा, यदि एवं केवल यदि $p<r$ तथा इस स्थिति में, वृत्त की त्रिज्या $\sqrt{r^2-p^2}$ होगी।

(ii) समतल, गोले को स्पर्श करेगा, यदि एवं केवल यदि $p=r$.

(iii) समतल, गोले से नहीं मिलेगा, यदि एवं केवल यदि $p>r$.

- **संकेन्द्री गोले का समीकरण:**

गोला $x^2+y^2+z^2+2ux+2vy+2wz+d=0$ का संकेन्द्री गोला $x^2+y^2+z^2+2ux+2vy+2wz+\lambda=0$ होता है, जहाँ $\lambda$ एक वास्तविक संख्या है, जिससे कि गोले का समीकरण प्राप्त होता है।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### निर्देशांक निकाय, दिक् अनुपात तथा दिक् कोज्याएँ, प्रक्षेप

1. यदि बिन्दु (0, 1, 2), (2, –1, 3) तथा (1, –3, 1) एक त्रिभुज के शीर्ष हों, तो त्रिभुज है

(a) समकोणीय (b) समद्विबाहु समकोणीय

(c) समबाहु (d) इनमें से कोई नहीं

2. यदि बिन्दु (–1, 3, 2), (–4, 2, –2) तथा (5, 5, $\lambda$) समरेखीय हों तो $\lambda =$

(a) – 10 (b) 5

(c) – 5 (d) 10

3. समतल $2x + 3y - 6z = 5$ के अभिलम्ब की दिक् कोज्यायें हैं

(a) 2, 3, – 6 (b) $\frac{2}{7}, \frac{3}{7}, -\frac{6}{7}$

(c) $\frac{2}{5}, \frac{3}{5}, -\frac{6}{5}$ (d) इनमें से कोई नहीं

4. बिन्दुओं (1, 2, 3) तथा (3, – 5, 6) को मिलाने वाली रेखा को $3 : -5$ के अनुपात में विभाजित करने वाला बिन्दु है

(a) $\left(2, \frac{-25}{2}, \frac{3}{2}\right)$ (b) $\left(-2, \frac{25}{2}, \frac{-3}{2}\right)$

(c) $\left(2, \frac{25}{2}, \frac{3}{2}\right)$ (d) इनमें से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से किससे बिन्दु (1, 2, 3) की दूरी $\sqrt{10}$ है

(a) मूलबिन्दु (b) $x$-अक्ष

(c) $y$-अक्ष (d) $z$-अक्ष

6. यदि एक रेखा निर्देशांक अक्षों की धनात्मक दिशा से $\alpha, \beta, \gamma$ कोण बनाती हो, तो $\sin^2\alpha + \sin^2\beta + \sin^2\gamma$ का मान है

[RPET 2000; AMU 2002; MP PET 1989, 98, 2000, 03; Pb. CET 2001]

(a) 2 (b) 1

(c) 3 (d) 0

7. यदि $\alpha, \beta, \gamma$ एक सदिश के दिक् कोण हों और $\cos\alpha = \frac{14}{15}$ तथा $\cos\beta = \frac{1}{3}$, तो $\cos\gamma =$

(a) $\pm\frac{2}{15}$ (b) $\frac{1}{5}$

(c) $\pm\frac{1}{15}$ (d) इनमें से कोई नहीं

8. $x$-अक्ष पर स्थित सभी बिन्दुओं के लिये [MP PET 1988]

(a) $x = 0$ (b) $y = 0$

(c) $x = 0, y = 0$ (d) $y = 0, z = 0$

9. बिन्दुओं (1, 3, 2) तथा (2, 1, 3) के बीच की दूरी है [MP PET 1988]

(a) 12 (b) $\sqrt{12}$

(c) $\sqrt{6}$ (d) 6

10. रेखा $x = y = z$ की दिक् कोज्यायें हैं [MP PET 1989]

(a) $\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$ (b) $\frac{1}{3}, \frac{1}{3}, \frac{1}{3}$

(c) 1, 1, 1 (d) इनमें से कोई नहीं

11. बिन्दु (1, 2, 3) की निर्देशांक अक्षों से दूरियाँ हैं

(a) 13, 10, 5 (b) $\sqrt{13}, \sqrt{10}, \sqrt{5}$

(c) $\sqrt{5}, \sqrt{13}, \sqrt{10}$ (d) $\frac{1}{\sqrt{13}}, \frac{1}{\sqrt{10}}, \frac{1}{\sqrt{5}}$

12. यदि त्रिभुज जिसके शीर्ष ($a$,1, 3), (– 2, $b$, –5) तथा (4, 7, $c$) हैं, का केन्द्रक मूलबिन्दु हो, तो $a, b, c$ के मान क्रमशः होंगे

(a) – 2, – 8, –2 (b) 2, 8, –2

(c) –2, – 8, 2 (d) 7, –1, 0

13. निम्न बिन्दुओं के समूह में से कौनसा समरैखिक नहीं है [MP PET 1990]

(a) (1, –1, 1), (–1, 1, 1), (0, 0, 1)

(b) (1, 2, 3), (3, 2, 1), (2, 2, 2)

(c) (–2,4, –3), (4, –3, –2), (–3, –2, 4)

(d) (2, 0, –1), (3, 2, –2), (5, 6, –4)

14. यदि एक सरल रेखा तीनों अक्षों से बराबर कोण बनाती है, तो किसी भी एक अक्ष से बनाए गये कोण की कोज्या (cosine) का मान होगा [MP PET 1992]

(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ (d) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

15. यदि कोई रेखा $x$-अक्ष तथा $y$-अक्ष से क्रमशः 30° तथा 45° के कोण बनाये तो उसके द्वारा z-अक्ष से बनाया गया कोण है

(a) 45° (b) 60°

(c) 120° (d) इनमें से कोई नहीं

16. बिन्दुओं (0, 1, 1), (1, 1, 2) तथा (–1, 2, – 2) से होकर जाने वाले समतल के अभिलम्ब के दिक् अनुपात हैं

(a) (1, 1, 1) (b) (2, 1, –1)

(c) (1, 2, –1) (d) (1, – 2, – 1)

17. यदि एक सदिश की लम्बाई 21 तथा दिक् अनुपात 2, – 3, 6 हो, तो उसकी दिक् कोज्यायें हैं

(a) $\frac{2}{21}, \frac{-1}{7}, \frac{2}{7}$ (b) $\frac{2}{7}, \frac{-3}{7}, \frac{6}{7}$

(c) $\frac{2}{7}, \frac{3}{7}, \frac{6}{7}$ (d) इनमें से कोई नहीं

18. यदि बिन्दुओं $P, Q, R$ तथा $S$ के निर्देशांक क्रमशः (1, 2, 3), (4, 5, 7), (– 4, 3, – 6) तथा (2, 0, 2) हों, तो

(a) $PQ \| RS$ (b) $PQ \perp RS$

(c) $PQ = RS$ (d) इनमें से कोई नहीं

19. यदि बिन्दुओं $A, B, C, D$ के निर्देशांक क्रमशः (2, 3, –1), (3, 5, –3), (1, 2, 3) तथा (3, 5, 7) हों, तो $AB$ का $CD$ पर प्रक्षेप होगा

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) $\sqrt{3}$

20. यदि बिन्दुओं $P$ तथा $Q$ के निर्देशांक (1, –2, 1) तथा (2, 3, 4) हों और $O$ मूलबिन्दु हो, तो

(a) $OP = OQ$ (b) $OP \perp OQ$

(c) $OP \parallel OQ$ (d) इनमें से कोई नहीं

21. यदि एक रेखा के अक्षों पर प्रक्षेप 2, –1, 2 हों, तो रेखा की लम्बाई होगी

(a) 3 (b) 4

(c) 2 (d) $\frac{1}{2}$

22. *xy*-समतल, बिन्दुओं (2, 4, 5) तथा (– 4, 3, – 2) को मिलाने वाली रेखा को किस अनुपात में विभाजित करता है [MP PET 1988]

(a) 3 : 5 (b) 5 : 2

(c) 1 : 3 (d) 3 : 4

23. यदि $A(1, 2, -1)$ तथा $B(-1, 0, 1)$ दिए गये हों, तो एक बिन्दु *P* के निर्देशांक जो $AB$ को $1:2$ के अनुपात में बाह्य विभाजित करते हों, निम्न हैं [MP PET 1989]

(a) $\frac{1}{3}(1, 4, -1)$ (b) (3, 4, –3)

(c) $\frac{1}{3}(3, 4, -3)$ (d) इनमें से कोई नहीं

24. बिन्दुओं (3, 4, 1) तथा (5, 1, 6) को मिलाने वाली रेखा और *xy*-तल का प्रतिच्छेद बिन्दु है

(a) $(13, 23, 0)$ (b) $\left(\frac{13}{5}, \frac{23}{5}, 0\right)$

(c) (–13, 23, 0) (d) $\left(-\frac{13}{5}, \frac{23}{5}, 0\right)$

25. यदि बिन्दुओं *A* तथा *B* के निर्देशांक क्रमशः (1, 2, 3) तथा (7, 8, 7) हों, तो रेखाखण्ड *AB* के अक्षों पर प्रक्षेप होंगे

(a) 6, 6, 4 (b) 4, 6, 4

(c) 3, 3, 2 (d) 2, 3, 2

26. बिन्दु *P* के निर्देशांक $(x, y, z)$ हैं तथा रेखा *OP*, जहाँ *O* मूलबिन्दु है, की दिक् कोज्यायें $l, m, n$ हैं। यदि $OP = r$, तो

(a) $l = x, m = y, n = z$ (b) $l = xr, m = yr, n = zr$

(c) $x = lr, y = mr, z = nr$ (d) इनमें से कोई नहीं

27. एक रेखा निर्देशांक अक्षों से $\alpha, \beta, \gamma$ कोण बनाती है। यदि $\alpha + \beta = 90^o$, तो $\gamma =$

(a) 0 (b) 90°

(c) 180° (d) इनमें से कोई नहीं

28. बिन्दु (–2, 4, 7), (3, –6, –8) तथा (1, –2, –2) हैं [AI CBSE 1982]

(a) समरेखीय (b) समबाहु त्रिभुज के शीर्ष

(c) समद्विबाहु त्रिभुज के शीर्ष (d) इनमें से कोई नहीं

29. यदि बिन्दु $A(9, 8, -10)$, $B(3, 2, -4)$ तथा $C(5, 4, -6)$ समरेखीय हों, तो बिन्दु *C*, रेखा $AB$ को किस अनुपात में विभाजित करता है

(a) 2 : 1 (b) 3 : 1

(c) 1 : 2 (d) –1 : 2

30. एक रेखा के निर्देशांक अक्षों पर प्रक्षेप क्रमशः 4, 6, 12 हैं। रेखा की दिक् कोज्यायें हैं

(a) $\frac{2}{7}, \frac{3}{7}, \frac{6}{7}$ (b) 2, 3, 6

(c) $\frac{2}{11}, \frac{3}{11}, \frac{6}{11}$ (d) इनमें से कोई नहीं

31. यदि किसी बिन्दु की निर्देशांक अक्षों से दूरियों के वर्गों का योग 36 हो, तो उसकी मूलबिन्दु से दूरी होगी

(a) 6 (b) $3\sqrt{2}$

(c) $2\sqrt{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

32. बिन्दुओं $(-2, 1, -8)$ तथा $(a, b, c)$ को मिलाने वाली रेखा उस रेखा के समान्तर है, जिसके दिक् अनुपात 6, 2, 3 हैं। तब $a, b, c$ के मान क्रमशः हैं

(a) 4, 3, – 5 (b) $1, 2, -\frac{13}{2}$

(c) 10, 5, – 2 (d) इनमें से कोई नहीं

33. बिन्दुओं (4, 3, –5) तथा (–2, 1, –8) को मिलाने वाली रेखा के दिक् अनुपात हैं [AI CBSE 1984; MP PET 1988]

(a) $\frac{6}{7}, \frac{2}{7}, \frac{3}{7}$ (b) 6, 2, 3

(c) 2, 4, –13 (d) इनमें से कोई नहीं

34. बिन्दुओं $(3, 5, -7)$ तथा $(-2, 1, 8)$ को मिलाने वाली रेखा को *yz*-समतल निम्न बिन्दु पर प्रतिच्छेद करेगा [MP PET 1993]

(a) $\left(0, \frac{13}{5}, 2\right)$ (b) $\left(0, -\frac{13}{5}, -2\right)$

(c) $\left(0, -\frac{13}{5}, \frac{2}{5}\right)$ (d) $\left(0, \frac{13}{5}, \frac{2}{5}\right)$

35. उस बिन्दु के निर्देशांक, जो बिन्दुओं $(0, 0, 0), (a, 0, 0), (0, b, 0)$ व $(0, 0, c)$ से समान दूरी पर है, होंगे [MP PET 1993]

(a) $\left(\frac{a}{2}, \frac{b}{2}, \frac{c}{2}\right)$ (b) $\left(-\frac{a}{2}, -\frac{b}{2}, \frac{c}{2}\right)$

(c) $\left(\frac{a}{2}, -\frac{b}{2}, -\frac{c}{2}\right)$ (d) $\left(-\frac{a}{2}, \frac{b}{2}, -\frac{c}{2}\right)$

36. बिन्दुओं (–1, 0, 3) व (2, 5, 1) को मिलाने वाली रेखाखण्ड का उस रेखा पर प्रक्षेप, जिसके दिक् अनुपात क्रमशः 6, 2, 3 हैं, होगा [AI CBSE 1985]

(a) $\frac{10}{7}$ (b) $\frac{22}{7}$

(c) $\frac{18}{7}$ (d) इनमें से कोई नहीं

37. बिन्दु (1, 1, 1), (–2, 4, 1), (–1, 5, 5) व (2, 2, 5) शीर्ष हैं

(a) आयत के (b) वर्ग के

(c) समान्तर चतुर्भुज के (d) समलम्ब चतुर्भुज के

38. यदि $l_1, m_1, n_1$ व $l_2, m_2, n_2$ दो परस्पर लम्बवत् रेखाओं की दिक् कोज्यायें हों, तो दोनों रेखाओं पर लम्ब रेखा की दिक् कोज्यायें होंगी

(a) $(m_1n_2 - m_2n_1), (n_1l_2 - n_2l_1), (l_1m_2 - l_2m_1)$

(b) $(l_1l_2 - m_1m_2), (m_1m_2 - n_1n_2), (n_1n_2 - l_1l_2)$

(c) $\frac{1}{\sqrt{l_1^2 + m_1^2 + n_1^2}}, \frac{1}{\sqrt{l_2^2 + m_2^2 + n_2^2}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$

(d) $\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$

39. यदि एक रेखा त्रिविमीय निर्देशांक अक्षों के साथ क्रमशः $\alpha, \beta, \gamma$ कोण बनाती है, तो $\cos 2\alpha + \cos 2\beta + \cos 2\gamma =$ [MP PET 1994, 95,99; RPET 2003; Kerala (Engg.) 2005]

(a) – 2 (b) – 1

(c) 1 (d) 2

40. बिन्दु (3, 4, 5) की *y*-अक्ष से लम्बवत् दूरी है [MP PET 1994, Pb. CET 2002]

(a) $\sqrt{34}$ (b) $\sqrt{41}$
(c) 4 (d) 5

41. परस्पर लम्बवत् एवं $l_1, m_1, n_1; l_2, m_2, n_2$ तथा $l_3, m_3, n_3$ दिक् कोज्याओं वाली रेखाओं से बराबर कोण बनाने वाली रेखा की दिक् कोज्यायें होंगी
(a) $l_1 + l_2 + l_3, m_1 + m_2 + m_3, n_1 + n_2 + n_3$
(b) $\frac{l_1 + l_2 + l_3}{\sqrt{3}}, \frac{m_1 + m_2 + m_3}{\sqrt{3}}, \frac{n_1 + n_2 + n_3}{\sqrt{3}}$
(c) $\frac{l_1 + l_2 + l_3}{3}, \frac{m_1 + m_2 + m_3}{3}, \frac{n_1 + n_2 + n_3}{3}$
(d) इनमें से कोई नहीं

42. एक बिन्दु $(x, y, z)$ $x$-अक्ष के समान्तर गति करता है, तो $x, y, z$ में से कौनसा चर अपरिवर्तित रहेगा
(a) $x$ (b) $y$ व $z$
(c) $x$ व $y$ (d) $z$ व $x$

43. यदि रेखा की दिक् कोज्यायें $\left(\frac{1}{c}, \frac{1}{c}, \frac{1}{c}\right)$ हैं, तो [JET 1989; CET 1993]
(a) $c > 0$ (b) $c = \pm\sqrt{3}$
(c) $0 < c < 1$ (d) $c > 2$

44. समतल $XOZ$, बिन्दुओं $(1, -1, 5)$ व $(2, 3, 4)$ को जोड़ने वाले रेखाखण्ड को $\lambda : 1$ में विभाजित करता है, तो $\lambda$ = [Pb. CET 1988]
(a) – 3 (b) 3
(c) $-\frac{1}{3}$ (d) $\frac{1}{3}$

45. मूलबिन्दु $O$ के सापेक्ष किसी बिन्दु $P$ के निर्देशांक (3, 12, 4) हैं, तब $OP$ की दिक् कोज्यायें हैं [MP PET 1996]
(a) 3, 12, 4 (b) $\frac{1}{4}, \frac{1}{3}, \frac{1}{2}$
(c) $\frac{3}{\sqrt{13}}, \frac{1}{\sqrt{13}}, \frac{2}{\sqrt{13}}$ (d) $\frac{3}{13}, \frac{12}{13}, \frac{4}{13}$

46. $x, y, z$ में एकघातीय समीकरण का बिन्दुपथ है
(a) सरल रेखा (b) गोला
(c) समतल (d) इनमें से कोई नहीं

47. समतल $x + 2y - 3z + 4 = 0$ के अभिलम्ब की दिक् कोज्यायें हैं [MP PET 1996; Pb. CET 2000]
(a) $-\frac{1}{\sqrt{14}}, -\frac{2}{\sqrt{14}}, \frac{3}{\sqrt{14}}$ (b) $\frac{1}{\sqrt{14}}, \frac{2}{\sqrt{14}}, \frac{3}{\sqrt{14}}$
(c) $-\frac{1}{\sqrt{14}}, \frac{2}{\sqrt{14}}, \frac{3}{\sqrt{14}}$ (d) $\frac{1}{\sqrt{14}}, \frac{2}{\sqrt{14}}, -\frac{3}{\sqrt{14}}$

48. रेखा $\frac{3x+1}{-3} = \frac{3y+2}{6} = \frac{z}{-1}$ की दिक् कोज्यायें हैं
(a) $\left(\frac{1}{3}, \frac{2}{3}, 0\right)$ (b) $\left(-1, \frac{2}{3}, 1\right)$
(c) $\left(-\frac{1}{2}, 1, -\frac{1}{2}\right)$ (d) $\left(-\frac{1}{\sqrt{6}}, \frac{2}{\sqrt{6}}, -\frac{1}{\sqrt{6}}\right)$

49. बिन्दुओं (2, –1, 3) और (4, 3, 1) को जोड़ने वाली रेखा को 3 : 4 के अनुपात में अन्तः विभाजित करने वाले बिन्दु के निर्देशांक हैं [MP PET 1997]
(a) $\frac{2}{7}, \frac{20}{7}, \frac{10}{7}$ (b) $\frac{15}{7}, \frac{20}{7}, \frac{3}{7}$
(c) $\frac{10}{7}, \frac{15}{7}, \frac{2}{7}$ (d) $\frac{20}{7}, \frac{5}{7}, \frac{15}{7}$

50. यदि एक रेखा के दिक् अनुपात $1, -3, 2$ हों, तो उस रेखा की दिक् कोज्यायें हैं [MP PET 1997, Pb. CET 2002]
(a) $\frac{1}{\sqrt{14}}, \frac{-3}{\sqrt{14}}, \frac{2}{\sqrt{14}}$ (b) $\frac{1}{\sqrt{14}}, \frac{2}{\sqrt{14}}, \frac{3}{\sqrt{14}}$
(c) $\frac{-1}{\sqrt{14}}, \frac{3}{\sqrt{14}}, \frac{-2}{\sqrt{14}}$ (d) $\frac{-1}{\sqrt{14}}, \frac{-2}{\sqrt{14}}, \frac{-3}{\sqrt{14}}$

51. एक रेखा धनात्मक $X$ एवं $Y$ अक्षों से क्रमशः $45°$ व $60°$ का कोण बनाती है। उसी रेखा द्वारा धनात्मक $Z$ अक्ष से बने कोण का मान है [MP PET 1997]
(a) $30°$ या $60°$ (b) $60°$ या $90°$
(c) $90°$ या $120°$ (d) $60°$ या $120°$

52. समतल $3x + 4y + 12z = 52$ के अभिलम्ब की दिक् कोज्याएँ हैं [MP PET 1997]
(a) 3, 4, 12 (b) – 3, – 4, – 12
(c) $\frac{3}{13}, \frac{4}{13}, \frac{12}{13}$ (d) $\frac{3}{\sqrt{13}}, \frac{4}{\sqrt{13}}, \frac{12}{\sqrt{13}}$

53. बिन्दु $(a, b, c)$ की $x$-अक्ष से न्यूनतम दूरी है [MP PET 1999; DCE 1999]
(a) $\sqrt{(a^2 + b^2)}$ (b) $\sqrt{(b^2 + c^2)}$
(c) $\sqrt{(c^2 + a^2)}$ (d) $\sqrt{(a^2 + b^2 + c^2)}$

54. रेखा $x - y + z - 5 = 0 = x - 3y - 6$ के दिक् अनुपात हैं [MP PET 1999; Pb. CET 2000]
(a) 3, 1, – 2 (b) 2, – 4, 1
(c) $\frac{3}{\sqrt{14}}, \frac{1}{\sqrt{14}}, \frac{-2}{\sqrt{14}}$ (d) $\frac{2}{\sqrt{41}}, \frac{-4}{\sqrt{41}}, \frac{1}{\sqrt{41}}$

55. यदि $O$ मूलबिन्दु है व $OP = 3$ तथा दिक्–अनुपात $-1, 2, -2$ हैं, तब $P$ के निर्देशांक हैं [RPET 2000; DCE 2005]
(a) (1, 2, 2) (b) $(-1, 2, -2)$
(c) (–3, 6, –9) (d) $(-1/3, 2/3, -2/3)$

56. यदि बिन्दुओं $Q$ (2, 2, 1) तथा $R$ (5, 2, –2) को जोड़ने वाली रेखा के बिन्दु $P$ का $x$-निर्देशांक 4 है, तो $P$ का $z$-निर्देशांक होगा [RPET 2000]
(a) – 2 (b) –1
(c) 1 (d) 2

57. बिन्दु $A(5, -1, 1)$; $B(7, -4, 7)$; $C(1, -6, 10)$ तथा $D(-1, -3, 4)$ शीर्ष हैं [RPET 2000]
(a) वर्ग के (b) समचतुर्भज के
(c) आयत के (d) इनमें से कोई नहीं

58. बिन्दुओं (4, 3, – 5) तथा (– 2, 1, – 8) को मिलाने वाली रेखा की दिक्–कोज्यायें हैं [MP PET 2001]
(a) $\left(\frac{6}{7}, \frac{2}{7}, \frac{3}{7}\right)$ (b) $\left(\frac{2}{7}, \frac{3}{7}, \frac{6}{7}\right)$
(c) $\left(\frac{6}{7}, \frac{3}{7}, \frac{2}{7}\right)$ (d) इनमें से कोई नहीं

59. यदि एक रेखा अष्टांश (Octant) $OXYZ$ में स्थित है तथा अक्षों से बराबर कोण बनाती है, तब [MP PET 2001]

(a) $l = m = n = \frac{1}{\sqrt{3}}$ (b) $l = m = n = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$

(c) $l = m = n = -\frac{1}{\sqrt{3}}$ (d) $l = m = n = \pm\frac{1}{\sqrt{2}}$

**60.** बिन्दुओं (0, 7, 10), (–1, 6, 6), (– 4, 9, 6) से बना त्रिभुज है [RPET 2001]

(a) समबाहु (b) समद्विबाहु
(c) समकोण (d) समकोण समद्विबाहु

**61.** यदि बिन्दु $A(1,2,3)$ तथा $B(-1,-1,-1)$ हों, तो दूरी $AB$ है [MP PET 2001; Pb. CET 2001]

(a) $\sqrt{5}$ (b) $\sqrt{21}$
(c) $\sqrt{29}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**62.** यदि एक रेखा निर्देशाक्षों के साथ $\alpha, \beta, \gamma$ कोण बनाती है, तो [MP PET 2002; Orissa JEE 2002]

(a) $\sin^2\alpha + \cos^2\beta + \sin^2\gamma = 1$
(b) $\cos^2\alpha + \cos^2\beta + \cos^2\gamma = 1$
(c) $\sin^2\alpha + \sin^2\beta + \sin^2\gamma = 1$
(d) $\cos^2\alpha + \cos^2\beta + \sin^2\gamma = 1$

**63.** यदि $P(3,4,5)$, $Q(4,6,3)$, $R(-1,2,4)$, तथा $S(1,0,5)$ है, तो $PQ$ पर $RS$ का प्रक्षेप है [Orissa JEE 2002; RPET 2002]

(a) – 2/3 (b) – 4/3
(c) 1/2 (d) 2

**64.** यदि एक रेखा $x, y$ तथा $z$-अक्षों की धनात्मक दिशा से $\alpha, \beta, \gamma$ कोण बनाती है, तब $\cos^2\alpha + \cos^2\beta + \cos^2\gamma =$ [Orissa JEE 2002]

(a) 1/2 (b) –1/2
(c) –1 (d) 1

**65.** यदि एक रेखा के निर्देशांक अक्षों पर प्रक्षेप 2, 3, 6 हैं, तब रेखा की लम्बाई है [Orissa JEE 2002]

(a) 7 (b) 5
(c) 1 (d) 11

**66.** यदि एक रेखा $y$-अक्ष तथा $z$-अक्ष के साथ 60° का कोण बनाती है, तब यह $x$-अक्ष के साथ कोण बनायेगी [RPET 2002; AMU 2005]

(a) 45° (b) 60°
(c) 75° (d) 30°

**67.** बिन्दु (5, – 4, 2), (4, –3, 1), (7, – 6, 4) तथा (8, –7, 5) शीर्ष हैं [RPET 2002]

(a) आयत के (b) वर्ग के
(c) समान्तर चतुर्भुज के (d) इनमें से कोई नहीं

**68.** यदि $\left(\frac{1}{2}, \frac{1}{3}, n\right)$ एक रेखा की दिक् कोज्यायें हैं, तब $n$ का मान है [Kerala (Engg.) 2002]

(a) $\frac{\sqrt{23}}{6}$ (b) $\frac{23}{6}$

(c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{3}{2}$

**69.** $y$-अक्ष से बिन्दु (4, 3, 5) की दूरी है [MP PET 2003]

(a) $\sqrt{34}$ (b) 5
(c) $\sqrt{41}$ (d) $\sqrt{15}$

**70.** यदि किसी रेखा के निर्देशांक अक्षों पर प्रक्षेप 3, 4 और 5 हैं, तब रेखा की लम्बाई है [Pb. CET 2000]

(a) 12 (b) 50
(c) $5\sqrt{2}$ (d) $3\sqrt{2}$

**71.** यदि एक रेखा, घन के चारों विकर्णों के साथ $\alpha, \beta, \gamma, \delta$ कोण बनाती है, तब $\sin^2\alpha + \sin^2\beta + \sin^2\gamma + \sin^2\delta$ का मान है [MP PET 2004]

(a) $\frac{4}{3}$ (b) 1

(c) $\frac{8}{3}$ (d) $\frac{7}{3}$

**72.** यदि रेखा $AB$ व $CD$ के मध्य कोण $\theta$ है, तो रेखाखण्ड $AB$ का रेखाखण्ड $CD$ पर प्रक्षेप है [MP PET 1995]

(a) $AB \sin\theta$ (b) $AB \cos\theta$
